भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1185

11 फरवरी, 2022 के लिए प्रश्न

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अन्तर्गत कवरेज

1185. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के विकास में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम का क्या योगदान है;

(ख) क्या सरकार भूख से मरे लोगों के परिवारों के लिए क्षतिपूर्ति राशि जारी करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हाँ, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क): देश के रणनीतिक कार्यक्रम (सीएसपी) 2019-2023 के भाग के रूप में, संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएफपी) इस विभाग को डाटा विश्लेषण, उत्तम डॉक्युमेंटेशन, राज्य/जिला पीडीएस अधिकारियों की क्षमता संवर्धन, लाभार्थी जागरूकता, आपूर्ति श्रृंखला ऑप्टिमाइजेशन, चावल फोर्टिफिकेशन जैसे क्षेत्रों में तथा अन्नपूर्ति और लर्निंग प्रबंधन प्रणाली आदि जैसे पायलट नवाचारी समाधान के लिए प्रौद्योगिकीय सहायता के जरिए पीडीएस में सेवा वितरण की कार्य क्षमता में सतत सुधार हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

(ख) और (ग): भूख से कथित मृत्यु के संबंध में मीडिया में प्रकाशित कुछ रिपोर्टों को जांच के उपरांत सही नहीं पाया गया था।

******